सार-समाचार

पांसल चौराहे के निकट कार जली

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित पांसल चौराहे के निकट सड़क पर दौड़ती कार अचानक आग का गोला बन गई।आग से कार जलकर राख हो गई। आग पर पुलिस, आस-पास मौजूद लोगों व दमकल की मदद से काबू पाया। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि, ब्यावर निवासी और हाल भीलवाड़ा की श्रीनाथ कॉलोनी में रहने वाले सतीश अग्रवाल मंगलवार दोपहर कार से रीको स्थित अपनी फैक्ट्री जा रहे थे। अग्रवाल, कांची रिसोर्ट के सामने पांसल चौराहे के निकट पहुंचे थे कि अचानक कार के इंजिन की ओर से धुआं निकलने लगा। यह देखकर अग्रवाल ने कार रोक दी और चंद सैकड़ों में देखते ही देखते कार में आग लग गई, इसके चलते कार आग का गोला बन गई। सूचना पर प्रताप नगर तत्काल मौके पर पहुंचे तत्परता दिखाते हुए निजी साधनों की मदद से आग पर काबू बनाने के प्रयास शुरू किए। इस दौरान कार के निकट खड़ी एक बस और अन्य वाहनों को थाना प्रभारी ने तत्काल मौके से हटवाया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर नगर निगम की दमकल मौके पर पहुंच गई, जिसकी मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

आज न्यायिक कार्य बहिष्कार

अजमेर, (कासं)। किशनगढ़ के अधिवक्ता बालकिशन सुनारिया को न्यायालय अवकाश के दिन कथित रूप से गिरफ्तार करने को लेकर वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को अजमेर जिला बार एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता कर अजमेर कोर्ट में बुधवार को न्यायिक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। साथ ही इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें सीआई के निलंबन की मांग की जाएगी। अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत ने मंगलवार को बताया कि किशनगढ़ शहर थाने के थानाधिकारी भीकाराम काला ने अधिवक्ता बालकिशन सुनारिया को झूठे मुकदमे में फंसाकर जानबूझकर न्यायालय परिसर से जबरन उठाकर वाहन में ले गए। यह घटना न्यायिक अवकाश के दिन हुई, स्पष्ट है कि उन्हें प्रताडित् करने की मंशा से यह कार्रवाई की गई। इसके विरोध में बुधवार को न्यायिक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। बार सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजमेर को ज्ञापन सौंपकर संबंधित थानाधिकारी के निलंबन की मांग की जाएगी।

खोरवाल ब्लॉक अध्यक्ष बने

मसूदा, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा मसूदा की ब्लॉक कार्यकारिणी का पुर्नगठन गंगा भवन मसूदा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे कार्य पर चर्चा करते नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें रमेश कुमार खोरवाल ब्लॉक अध्यक्ष, रामचन्द्र देतवाल सभाध्यक्ष,कालूराम बैरवा महामंत्री, महेश मुनोत कमलेश बैरवा मीडिया प्रभारी, कैलाश , अशोक मौर्य संगठन मंत्री, रमेश चंद सामरिया संरक्षक , आसिफ़ पठान प्रचार मंत्री, महेंद्र रैगर शंकर लाल मोटिस प्रवक्ता, पुखराज बोहरा उपासभाध्यक्ष,कमलेश व्यास महिला उपाध्यक्ष जितेंद्र बैरवा उपसचिव पद चुना गया। जिलाध्यक्ष रामनारायण बाकोलिया और चुनाव पर्यवेक्षक लालचंद परसोया द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

22 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

नसीराबाद, (निसं)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री वैष्णव युवा सेवा समिति, नसीराबाद के तत्वावधान में तृतीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आज बुधवार को दिलवाड़ी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास हनुमान मंदिर परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कुल 22 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। सम्मेलन अध्यक्ष पुखराज वैष्णव सनोद व समिति अध्यक्ष रामस्वरूप वैष्णव दिलवाड़ी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे ध्वजारोहण से हुई। दोपहर 2 बजे विनायक स्थापना की गई तथा सायं 5 बजे कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि 8 बजे जनसभा का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात रात्रि 10 बजे महिला संगीत का रंगारंग आयोजन किया गया।

लापता का पता नहीं, परिजन परेशान

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। रिछड़ी (भीलवाड़ा) निवासी 58 वर्षीय लादू लाल बैरवा पिछले 10 दिनों से लापता हैं। उनके भतीजे सांवरमल बैरवा ने सदर पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।रिपोर्ट के अनुसार, लादू लाल बैरवा 10 दिन पहले मजदूरी करने के लिए भीलवाड़ा से टेम्पो में रवाना हुए थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों और रिश्तेदारों ने उन्हें अपने स्तर पर खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। सांवरमल बैरवा ने आशंका जताई है कि उनके चाचा के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है, क्योंकि उन्हें मजदूरी या काम दिलाने के बहाने कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया था। उन्होंने पुलिस से मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।लादू लाल बैरवा के लापता होने से उनका पूरा परिवार सदमे में है और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए चिंतित है। मामले की जांच कर रही है और लोगों से भी लादू लाल बैरवा के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर पुलिस व परिजनों से संपर्क करने की अपील की है।

उप श्रम आयुक्त का ज्ञापन दिया

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। आगामी 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर भीलवाड़ा जिले में संचालित टेक्सटाइल एवं औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश सुनिश्चित रूप से मिले इसको लेकर भीलवाड़ा जिला इंटक अध्यक्ष दीपक व्यास के नेतृत्व में आज उप श्रम आयुक्त सुनील यादव को ऐक मांग पत्र सौपा गया है, जिसमें सभी श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश की सुनिश्चितता करवाने की मांग एवं कई फैक्ट्रियों में श्रमिकों को न्यूनतम वेतन में कटौती एवं अन्य सुविधाएं सी एल, पी एल, बोनस, ठोज्यूटी आदि की समस्याओं को लेकर भी ध्यान आकर्षित किया गया। मांग पत्र देते वक्त जिला महामंत्री कान सिंह चुंडावत, डूंगर सिंह, सीटू यूनियन के कामरेड ओमप्रकाश देवानी, गोपाल तेली, गोपाल गुर्जर सहित कई साथी उपस्थित थे।

युवक का शव बाइक के साथ गिरा मिला

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में अजमेर-भीलवाड़ा हाइवे पर बैरां-नानकपुरा के बीच नाले में एक युवक बाइक के साथ गिरा हुआ मिला। प्रथमदृष्टया पुलिस सडक़ हादसे में युवक की मौत होना मान रही है। शव को मांडल अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बाणीयास निवासी 22 वर्षीय पुखराज पुत्र रामेश्वर गाडरी की मंगलवार दोपहर बैरां-नानकपुरा के मध्य लोगों ने नाले में बाइक के साथ युवक की खूनसनी लाश देखी। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा और शव को नाले से निकलवा कर एंबुलेंस से मांडल अस्पताल भिजवा दिया। फिल्हाल पुलिस का मानना है कि युवक की मौत सडक़ हादसे में हुई है। परिजनों की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति साफ हो पायेगी। जैसे ही हादसे से की सूचना परिवारजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया ।

मसूदा में जाम से परेशानी

मसूदा, (निसं)। मसूदा में स्टेट हाईवे 26 के मुख्य सड़क मार्ग पर अतिक्रमण से बार बार जाम से आम लोगों मे रोष व्याप्त है। आमजनता को लंबे वक्त तक जाम में खड़े रहना पड़ता है। लोगों द्वारा जाम की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। मसूदा नगर पालिका के पावर हाउस से राव सर्किल, बस स्टेण्ड, अजमेरी गेट सड़क मार्ग पर फल सब्जी के ठेले व दूकानदारो के अतिक्रमण के कारण सडक पर दोनों ओर से वाहनो के आने पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनती हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाहर दर्जनों दोपहिया वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण वाहन नही निकल पाते है। राव सर्किल, बस स्टेण्ड पर जाम से पैदल निकलना भी दूभर है।

नरेंद्र विचार मंच की जिला कमेटी बनी

अजमेर, (कासं)। प्रदेश अध्यक्ष लिलियन ग्रेस के निर्देशनुसार प्रदेश महामंत्री रूपश्री जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष ऋचा जैन की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष रुचिरा पाटनी के साथ मिलकर जिला स्तरीय संघ का गठन किया गया। जिसमें जिला महामंत्री अरुणा भनसिया, जिला उपाध्यक्ष शारदा खोरवाल, जिला उपाध्यक्ष सरस्वती शर्मा, जिला सचिव प्रिया डायमंड, जिला मंत्री मीना सांखला, जिला मंत्री उषा पाराशर, जिला प्रवक्ता ममता साहू, को बनाया गया। इसके लिए सभा साकेत नगर, छतरी योजना में आयोजित की गयी। इस सभा में नरेंद्र मोदी के विचारों को बताया गया व नरेंद्र मोदी की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारे जाने का प्रण लिया गया।

सूरजकुंड योजना के प्रथम चरण के तहत कार्य प्रगति पर

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर के पुष्कर जोन में सूरजकुंड ग्राम में बहुउधेशीय सूरजकुंड योजना के प्रथम चरण अंतर्गत योजना विकसित किए जाने के लिए विकास कार्य प्रगतिरत है।

एडीए के मीडिया प्रभारी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि योजना का कुल क्षेत्रफल 86.08 हेक्टर है जिसमे रिज़ॉर्ट के लिए 9510.75 वर्गमीटर से 27072.57 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 17 भूखंड है, फार्म हाउस के लिए लगभग 1500.00 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 55 भूखंड है।

इकोलॉजीकल हाउसिंग के लिए लगभग 1000.00 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 77 भूखंड है एवं 4 व्यवसायिक गतिविधि के लिए क्षेत्र सृजित किए गए है, इसके अतिरिक्त अन्य फैसिलिटी क्षेत्र के लिए भी क्षेत्र सृजित किए गए है।

एडीए आयुक्त नित्या के. व सचिव अनिल कुमार पुनिया के अनुसार योजना के लिए पहुँच मार्ग विकसित किया जा चुका है।

साथ ही वर्तमान में योजना की आंतरिक सड़के 2.7 किमी. का जीएसबी लेवल तक का कार्य किया जा रहा है एवं योजना की बची हुई समस्त सड़कों के जीएसबी लेवल तक के कार्य व क्रास ड्रैनेज के कार्य करवाए जाने के लिए 25 अप्रैल को आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक में रु. 1511.30 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृती जारी की गई है। योजना में जल्द ही ऑनलाइन आक्शन प्रक्रिया से विभिन्न प्रकार के भूखंडों की नीलामी की जाएगी।



अजमेर विकास प्राधिकरण के पुष्कर जोन में सूरजकुंड ग्राम में बहुउद्देशीय सूरजकुंड योजना के प्रथम चरण अंतर्गत योजना विकसित किए जाने के लिए विकास कार्य प्रगतिरत है।

यंहा पर यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त योजना का क्रियान्वयन प्राधिकरण ने छोटे एवं बड़े होटल रिज़ॉर्ट व्यवसायियों एवं आमजन हेतु रिजॉर्ट, फार्म हाउस, इकोलॉजीकल हाउसिंग एवं व्यवसायिक भूखंड मास्टर प्लान के अनुसार एक ही स्थान पर समुचित सुविधाओं के साथ उपलब्ध करवाए जाने के लिए किया है।

योजना के सफल क्रियान्वयन से व्यवसायियों एवं आमजन को बहुआयामी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही यह योजना विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

बड़गूजर ने जनसुनवाई की

अजमेर/ पीसांगन, (कासं)।पीसांगन पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय रामपुरा डाबला में उपखंड अधिकारी राजीव बड़गूजर ने रात्रि चौपाल लगाकर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में प्राप्त पेयजल,सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य जैसे बुनियादी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बड़गूजर ने पटवार घर के दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर हल्का पटवारी दिनेश ग्वाला को आवश्यक निर्देश दिए। बड़गूजर ने बताया कि उनके सानिध्य, नायब तहसीलदार रामनिवास गोदारा व विकास अधिकारी सोहनलाल डारा की देखरेख एवं प्रशासक सीमा चौधरी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल में प्रशासक सीमा चौधरी व ग्रामीणों की मांग पर पंचायत मुख्यालय रामपुरा डाबला समेत पंचायत अंतर्गत फतेहपुरा व सेठन में समुचित पेयजल आपूर्ति के लिए जॉन सिस्टम के निर्देश सहायक अभियंता शंकर लाल लांबा व कनिष्ठ अभियंता प्रदीप भार्गव को दिए।

सकराय ने पुष्प अभिषेक किया

अजमेर, (कासं)। भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व राजपूत स्टूडेंट यूथ ऑर्गेनाइजेशन (आरएसओ) संस्थापक अध्यक्ष दशरथ सिंह सकराय ने भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव दिवस भगवान परशुराम प्रतिमा पर पुष्प अभिषेक किया।

भगवान परशुराम सर्किल स्थित स्मारक पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश सचिव कपिल व्यास, डॉ.संत कुमार, राष्ट्र रक्षा संकल्प समिति सहसंयोजक श्रवण व्यास, राजेंद्र सिंह राठौड़, एडवोकेट श्याम सुंदर शर्मा, मनीष पारीक ने पूजा अर्चना की। स्वजागरण मंच के विभाग सह संयोजक डॉ कुलदीप सिंह शेखावत ने कहा कि भगवान परशुराम न केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक हैं।

आम सूचना

हमारी फर्म गंगवाल स्टोनेक्स ई 72-73 IVth फेस पर्यावरण रोड़ रिको उद्योगिक क्षेत्र, मदनगंज-किशनगढ़ 305801 जिला अजमेर, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 17/01/1/2001 दिनांक 22 जनवरी 2001 है। उक्त फर्म में दिनांक 31 मार्च 2025 को निम्न परिवर्तन किये गए है। इस फर्म में (1) प्रेमचंद गंगवाल (2) रमेशचंद गंगवाल (3) भंवरी देवी (4) सुरेखा जैन (5) अमित गंगवाल (6) धीरज गंगवाल (7) सुभाष चंद गंगवाल (8) राकेश गंगवाल (9) विकास गंगवाल (10) आशीष गंगवाल (11) एकता जैन (12) अमिता जैन (13) अनिता गंगवाल (14) रचना जैन पार्टनर है। दिनांक 31 मार्च 2025 को फर्म में से 5 पार्टनरो ने स्वेछिक रूप से फर्म से पार्टनरशिप छोड़ दी है। इनमे (1) रमेश चंद गंगवाल (2) भंवरी देवी (3) सुरेखा जैन (4) अमित गंगवाल (5) धीरज गंगवाल शामिल है। अब हमारी फर्म में कुल 9 पार्टनर हो गए हैं। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपति हो तो 7 दिवस में मय सबूत रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स कार्यालय अजमेर में सुचित करे, बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/126523
DATE :- 03/04/2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/621
दिनांक 21/04/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री सुमित प्रकाश जैन पुत्र श्री मदनलाल जैन निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 7 डिग्गी मौहल्ला गली नं. 3 म्यु नं. 6/263 मकान नं. 2 क्षेत्रफल 229.25 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकार्ड में श्री मदनलाल पुत्र श्री सुखदेव के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 16.08.2012, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

भाईचारा कमेटी ने हज दंपति को दी बधाई

मारवा का खेड़ा दौलतगढ़ निवासी मुबारिक हुसैन मंसूरी वल्द मोहम्मद हुसैन मंसूरी के हज के सफर पर जाने की खुशी में सुभाष नगर भाईचारा कमेटी ने मंसूरी दंपति को बधाई देकर दस्तारबंदी की।

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। स्थानीय चपरासी कॉलोनी में रहने वाले मारवा का खेड़ा दौलतगढ़ निवासी मुबारिक हुसैन मंसूरी वल्द मोहम्मद हुसैन मंसूरी के हज ए बैतुल्लाह के सफर पर जाने की खुशी में सालाजी बाबू भाई मंसूरी के आवास पर सुभाष नगर भाईचारा कमेटी ने मंसूरी दंपति को बधाई देकर फूल माला और साफा बंधवाकर शानदार दस्तारबंदी की।

मंसूरी दंपति 3 मई 2025 को जयपुर हवाई अड्डे से जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे जो 51 दिन की मजहबी यात्रा के दौरान मक्का और मदीना में अपने हज के सभी अरकान पूरे करेंगे।खुशी के इस मौके पर कमेटी के सदर नाहर खां कायमखानी और पत्रकार शहजाद खान ने साफा बंधवाने की रस्म अदा की। मस्जिद के इमाम अब्बू जफर सिद्दीकी एवं कमेटी के जर्नल सेकेट्री डॉ. फखरुद्दीन मंसूरी, नायब सदर फूले खां कायमखानी, बाबू भाई मंसूरी, खजांची फखरुद्दीन शेख, फिरोज खां कायमखानी, कमालुद्दीन पठान सहित कब्रस्तान कमेटी के पूर्व सदर शकील अंसारी ने गुलपोशी कर कामयाब सफर के लिए दुआ की ओर मुबारकबाद दी।

परशुराम संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श : देवनानी

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भगवान परशुराम संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं। हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। देवनानी ने मंगलवार को अजमेर में परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन त्याग, तपस्या, शौर्य और सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रतीक है, उन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर एक आदर्श समाज की परिकल्पना प्रस्तुत की। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव को समाप्त करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि परशुराम जयंती केवल पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मचिंतन का अवसर है। हमें यह विचार करना चाहिए कि हम अपने समाज और राष्ट्र के प्रति क्या योगदान दे रहे है। उन्होंने युवाओं से आ ान किया कि वे भगवान परशुराम की तरह साहस, ज्ञान और अनुशासन को अपने जीवन में अपनाएं। देवनानी ने कहा कि इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर हम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर उनके साथ राजेश शर्मा, अशोक मुद्गल, के.त्रिपाठी, गजेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, दीपक शर्मा, प्रतिभा पाराशर, रमेश सोनी, सुभाष जाटव, कपिल व्यास उपस्थित रहे।

NAME CHANGE

I, Chanchala Mondal, Mother's of Army No. 18017958M, L/NK, Sujit Mandal, Residing at Chhotonaldaha, Palashipara, Nadia, W.B. 741156 have change my name from Chanchala Mandal to Chanchala Mondal at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Sagar Mondal, Father's of Army No. 18017958M, L/NK, Sujit Mandal, Residing at Chhotonaldaha, Palashipara, Nadia, W.B. 741156 have change my name from Sagar Mandal to Sagar Mondal at court campus Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/126523
DATE :- 03/04/2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-25/620
दिनांक 21/02/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री सुमित प्रकाश जैन पुत्र श्री मदनलाल जैन निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 7 डिग्गी मौहल्ला गली नं. 3 म्यु नं. 6/263 मकान नं. 2 प्रा नं. 1 क्षेत्रफल 228.55 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकार्ड में श्री मदनलाल पुत्र श्री सुखदेव के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 16.08.2012, मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/128321
DATE :- 23/04/2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/1008
दिनांक 25/04/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री प्रभू सिंह पुत्र श्री केशर सिंह ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 अरिहन्त नगर भोजपुरा मार्ग नया नगर खसरा नं. 2108, प्लाट नं. 5 क्षेत्रफल 159.16 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री नोरतमल सिंघवी पुत्र श्री कनकमल जी जैन के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 6.1.2023, 31.10.2023 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाग अन्तरण के लिए आवेदन किया है।

अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

पुष्कर में शोभायात्रा निकाली

पुष्कर, (निसं) पुष्कर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कल मंगलवार को परशुराम जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई जिसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर कई दिनों से चल रही थी चल रही थी।कमल उर्फ जैकी पाराशर ने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज की तरफ से परशुराम जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाएगी तथा इस मौके पर कस्बे में शाम को 6 बजे गुरुद्वारे से गाजे बाजे के साथभव्य शोभायात्रा निकाली जिसमें विभिन्न प्रकार की भगवान की झांकियां सजाई जाएगी जिसका जगह जगह स्थानीय लोगों के द्वारा फूलों की वर्षा की। गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा गुरुद्वारा से शाम को 6 बजे प्रारंभ होगी जो नए रंगजी मंदिर सूर्य चौक वराह घाट चौक बद्री घाट गऊ घाट होते ब्रह्मा मंदिर पहुंची। इस दौरान बिमल अदाली, पूर्व सभापति शिव स्वरूप महर्षि, दामोदर शर्मा प्रेम मासा , नीरज मिश्रा, राहुल गौड़ नितिन राजगुरु, भुवनेश पाठक,सहित सेकडो युवा यात्रा लेकर निकले सूर्य धर्मशाला के बाहर रोहन बाकोलिया, पुष्कर नारायण भाटी, धर्मु नागौरा, शंभू हरीश धौलपुरिया महेंद्र सिंह खंगारोत ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया बद्री घाट के बाहर राकेश पाराशर के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया और रंगोलियां बनाई गई।

ज्ञापन भेजा

अजमेर, (कासं)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर पाकिस्तान से आए हिंदू एवं अन्य शरणार्थियों तथा विवाह कर यहां आईं पाकिस्तानी महिलाओं के संबंध में स्थायी नागरिकता देने एवं सम्मानजक जीवन जीने का अधिकार दिए जाने की मांग की है। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरीभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना के आवासगृह संख्या 111 (EWS) क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर आवंटी / अन्तरिति (1) श्री सोहन लाल सैन सुपुत्र श्री मांगीलाल सैन (2) श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी श्री सोहन लाल सैन निवासीगण जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय स्टाफ क्वार्टर नं0 44, अजमेर हाल निवासी हरीभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) अजमेर है । यह कि सोहन लाल सैन की मृत्यु दिनांक 28/05/2020 होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलग्न कर मृतक के वारिसो क्रमश (1) श्रीमती प्रेम देवी (धर्मपत्नी) (2) श्री चन्द्र सैन (पुत्र) (3) विमला (पुत्री) (4) दीक्षा (पुत्री) है । यह कि श्रीमती दीक्षा वर्मा सुपुत्री स्व. श्री सोहन लाल सैन व धर्मपत्नी श्री अरुण कुमार वर्मा द्वारा अपने सहहिस्सेदार व अपनी माता श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी स्व. श्री सोहन लाल, निवासी हरीभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना, अजमेर के पक्ष मे निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 10/08/2022 को निष्पादित किया व श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी स्व. श्री सोहन लाल सैन वहिश्यत मुख्त्यार खास श्री चन्द सैन सुपुत्र स्व. श्री सोहन लाल सैन ने अपने सहहिस्सेदार व अपनी सुपुत्री श्रीमती विमला सुपुत्री स्व. श्री सोहन लाल सैन, निवासी 3901, चौकडी मौहल्ला, नसीराबाद जिला अजमेर के पक्ष मे निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04/01/2023 को किया गया तथा श्रीमती प्रेम देवी धर्मपत्नी स्व.श्री सोहन लाल सैन ने सम्पूर्ण सम्पति को अपनी सुपुत्री श्रीमती विमला सुपुत्री स्व. श्री सोहन लाल सैन व धर्मपत्नी श्री अनिल कुमार हंसवाल, निवासी 3901, चौकडी मौहल्ला, नसीराबाद जिला अजमेर के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करायें । उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी ।

योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी(अधिशासी अधिकारी) परबतसर

क्रमांक : नपाप/भूमि शाखा (90-क)2025-26/260 दिनांक: 28.04.2025

लोक सूचना

प्रवीन मिनरल्स रिको इण्डस्ट्रीयल एरिया श्री प्रवीन कुमार बंसल पुत्र बाबु राम बंसल जाति अग्रवाल, निवासी शांति सदन, राधा कृष्ण विहार, तिलक नगर किशनगढ ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनार्थ (औधोगिक प्रयोजनार्थ) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
प्रवीन मिनरल्स रिको इंडस्ट्रीयल एरिया श्री प्रवीन कुमार बंसल पुत्र बाबु राम बंसल जाति अग्रवाल निवासी शांति सदन, राधा कृष्ण विहार, तिलक नगर किशनगढ़	तहसील परबतसर जिला डीडवाना कुचामन राजस्थान	राजस्व ग्राम परबतसर	खसरा नं. 1252	क्षेत्रफल 0.9400 हैक्टेयर, अर्थात 9400 वर्गमीटर किस्म बारानी 04

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28.04.2025 को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका परबतसर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी(अधिशासी अधिकारी) परबतसर

क्रमांक : नपाप/भूमि शाखा (90-क)2025-26/257 दिनांक: 28.04.2025

लोक सूचना

श्री हरी मिनरल्स जरिये भागीदार श्री प्रवीण गर्ग पुत्र रमेश चन्द गर्ग जाति अग्रवाल निवासी वीर मोहल्ला परबतसर एवं श्री हरी मिनरल्स जरिये भागीदार श्री प्रवीन कुमार बंसल पुत्र बाबु राम बंसल जाति अग्रवाल निवासी शांति सदन, राधा कृष्ण विहार, तिलक नगर किशनगढ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनार्थ (औधोगिक प्रयोजनार्थ) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
श्री हरी मिनरल्स जरिये भागीदार श्री प्रवीण गर्ग पुत्र रमेश चन्द गर्ग जाति अग्रवाल निवासी वीर मोहल्ला